## महत्वपूर्ण एवं खास

### सामान्य भविष्य निधि क्रियान्वयन के संदर्भ में एक दिवसीय कार्यशाला आज

**रायगढ़।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, रायगढ़ ने समस्त कार्यालय प्रमुख आहरण एवं संवितरण अधिकारी को सूचित करते हुए बताया है कि दिनांक 1.11.2004 से 31.3.2023 के मध्य नियुक्त शासकीय सेवकों के लिए पुरानी पेंशन योजना का लाभ लेने एवं एनपीएस में यथावत बने रहने के विकल्प का प्रावधान किया गया है। जिसके तहत शासकीय सेवकों से निर्धारित प्रारूप में सहमति प्राप्त कर आरण संवितरण अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही 24 फरवरी 2023 तक किया जाना है। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 10 फरवरी 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में किया जाएगा। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी संबंधित लिपिक के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### रिक्त आवासों का नगर निगम करेंगी आबंटन : हितग्राही आवेदन जमा कर ले सकते है लाभ

**रायगढ़।** नगर पालिक निगम, रायगढ़ के द्वारा विगत वर्षो से निर्मित आईएचएसडीपी/अटल/वाल्मिकी, आवास योजना के तहत सर्वे किया गया है। जिसमें कुछ आवास रिक्त पाया गया है। अतएव रिक्त आवासों का आबंटन किया जाना है। रायगढ़ शहर के जिन जगहों पर आवास रिक्त है। इनमें आईटीआई, प्राचीं विहार, रामभांठा, रियापारा, ढिमरापुर, सावित्री नगर, साहेबराम नगर एवं सूर्या विहार है। निर्मित आवासों में जो कब्जाधारी पूर्व में आवेदन जमा नहीं किये है वह 15 दिवस के अंदर विधिवत आवेदन पत्र के साथ समस्त आवश्यक दस्तावेज नगर पालिक निगम, रायगढ़ के आवक शाखा में जमा कर सकते है। आवेदन जमा नियत तिथि में नहीं होने पर उस पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य संपूर्ण जानकारी के लिए आवास शाखा, नगर पालिक निगम, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### पंचम विधानसभा का सोलहवां सत्र 1 से 24 मार्च तक

**अधिकारी-कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति नहीं जायेंगे अवकाश पर**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के पंचम विधानसभा का सोलहवां सत्र 1 से 24 मार्च 2023 तक आहूत की जाएगी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उक्त सत्र में प्राप्त होने वाले स्थगन, शून्यकाल, आश्वासनों, तारांकित/अतारांकित, ध्यानाकर्षण, अशासकीय संकल्प, याचिका आदि तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार/जानकारी निर्धारित समयावधि में तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर सिन्हा ने उक्त अवधि में जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया है कि वे सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय त्यागेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### जिला पंचायत के सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक 17 फरवरी को

**रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 17 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से एवं सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने रायगढ़ विकासखण्ड के विभिन्न गांवों में किया जनसंपर्क, विभिन्न कार्यों का किया लोकार्पण

**❑ ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है सरकार-उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल**





**रायगढ़।** उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल आज रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम परसदा, मुरालीपाली, डोंगाढ़केल, पंडरीपानी और हरदीझरिया के जनसंपर्क दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने गांवों की मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि शासन गांवों तथा ग्रामीणों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है, राज्य शासन जितनी भी योजनाएं बना रही है, वो ग्रामीण विकास पर केन्द्रित है, जिससे गांवों और ग्रामीणों के विकास को नई रफ्तार मिल रही है। शासन द्वारा वृहत स्तर पर कर्ज माफी की गई जिससे बड़ी संख्या में किसानों को राहत मिली है। पूर्व में फसलों की मिलने वाली कीमत और लागत में बहुत कम अंतर था, जिससे किसानों को उचित लाभ नहीं मिल पाता था, लेकिन धान के समर्थन मूल्य में खरीदी के साथ ही कृषि आदान सहायता से आज किसानों को धान के साथ अन्य फसलों की बेहतर कीमत छत्तीसगढ़ में मिल रही है। जिससे लागत की तुलना में अधिक मुनाफा किसानों को हो रहा है और उनके हाथ में पैसे बच रहे हैं। शासन की योजना का असर है कि कृषि रकबे में वृद्धि हुई है और इस वर्ष धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई है। सरकार की योजनाओं से प्रदेश में खेती-किसानी की तस्वीर बदली है। राज्य शासन ने लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य घोषित कर संग्राहकों को भी आर्थिक राहत दिया है। आज देश में लघु वनोपज संग्रहण का बड़ा हिस्सा हमारे प्रदेश से आ रहा है।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने कहा कि शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों के जीवन स्तर उठाने का कार्य कर रही है, साथ ही गांवो की मूलभूत आवश्यकता जैसे पेयजल, भवन, बिजली, जल निकासी, रोड़ जैसे विभिन्न कार्यो को प्राथमिकता से कर गांवों का विकास कर रही है। शासन बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए जिले और विकासखंड के बाद और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोल रही है, जिससे बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे। वर्तमान के राशन कार्ड में बुजुर्गो का पॉश मशीन में अंगूठा आने की समस्या आ रही है, वो अपना नामिनी बना कर राशन प्राप्त कर सकते है। उन्हें राशन लेने में कहीं भी दिक्कत नही होगी। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत परसदा के ग्राम मुरालीपाली में ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार विभिन्न आयोजनों एवं कार्यो को करने के लिए शेड की घोषणा की एवं इसी प्रकार ग्राम मुरारीपाली, डोंगाढ़केल, पंडरीपानी, हरदीझरिया में सीसी रोड़, सांस्कृतिक चबूतरा, शेड, स्कूल अहाता और पानी टंकी जैसे विभिन्न कार्यो का लोकार्पण भी किया। जनसंपर्क के दौरान उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने ग्राम-डोंगाढ़केल में संचालित संचार संगठन द्वारा अनुरक्षित वृद्धाश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने वृद्धजनों से मुलाकात उनका हालचाल जाना।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, डीडीसी पुनीता दिलीप पटेल, घनश्याम पटेल, लक्ष्मी नारायण, सरपंच केराझर सरपंच लक्ष्मीन चौहान, सरपंच पंडरीपानी दिगम्बर प्रसाद राठिया, उपसरपंच धर्मेन्द्र पटेल, उपसरपंच भगवती साहू, पंच तीजोबाई, बाबू लाल साहू, चित्र सेन साहू, दीनू साहू, दिलीप पटेल, एसडीएम गगन शर्मा, जनपद सीईओ रूपेन्द्र पटेल, स्थानीय कार्यकर्ता एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आपके द्वार आयुष्मान अभियान के तहत शेष बचे हुए हितग्राहियों का बनेगा निशुल्क आयुष्मान कार्ड



**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन पर जिले में आपके द्वार आयुष्मान अभियान के चतुर्थ चरण अंतर्गत शेष बचे हुए हितग्राहियों का नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिले में अब तक अभियान अंतर्गत कुल 10 लाख 86 हजार 980 राशन कार्ड जनसंख्या में से 6 लाख 19 हजार 318 हितग्राहियों का 57 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जा चुका है। शेष बचे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु सीएससी ई-गर्वेनेस, जिले में पंजीकृत चिकित्सालयों, कियोस्क ऑपरेटरों एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अभियान के दौरान आयोजित शिविरों में पात्र हितग्राही परिवारों के सदस्यों को मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत एवं वार्ड कर्मचारियों के सहयोग से मोबिलाईज किया जाएगा। जिसके एवज में राज्य कार्यालय रायपुर से प्रति आयुष्मान कार्ड 5 रुपये प्रोत्साहन राशि प्रदाय किए जाने का प्रावधान किया गया है।

## लकड़ी बीनने जंगल गई महिला की करंट से मौत के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**❑ आरोपी युवकों ने जंगली सूअर फसाने लगाए तार को भूल गए हुकिंग से निकालना**

**❑ खरसिया पुलिस ने गैर इरादतन हत्या मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** 19 जनवरी को खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरदा बैगामुड़ा जागेश्वर राठिया के खेत में गांव की बसंती बाई सारथी (65 साल) का शव पढ़ा हुआ मिला। खरसिया पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच किया गया, जांच पर पाया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 11,000 वोल्ट बिजली करंट लेकर जंगली जानवर के शिकार के लिए खेत में लगाया हुआ था जिसकी चपेट में आने से बसंती बाई सारथी की मृत्यु हो गई। मर्ग जांच से अज्ञात आरोपी पर गैर इरादतन हत्या की धारा का अपराध कायम कर खरसिया पुलिस द्वारा जांच किया जा रहा था। अपराध विवेचना दरमियान मुखबीर सूचना पर कल थाना प्रभारी खरसिया गांव के रामसिंह माझी, जितेंद्र माझी और जगतराम माझी को हिरासत में लिया गया जिससे घटना के संबंध में हिक्मत अमली से पूछताछ करने पर तीनों बताए कि जंगल में जंगली सूअर का शिकार करने के लिए 11,000 वोल्ट का बिजली करंट तार के माध्यम से लेकर जीआई तार को खेत में फैला रखे थे। घटना दिनांक को हुकिंग तार को निकालना भूल गए जिसमें बसंती बाई फंसकर फौत हो गई। आरोपियों के कबूलनामें पर आरोपियों के मेमोरेंडम पर हुकिंग किया हुआ तार और बांस का डंडा जब्त कर आरोपियों की गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर आरोपियों को कल 8 फरवरी के दोपहर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेएमएफसी खरसिया के कोर्ट पेश किया गया। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम, सहायक उपनिरीक्षक राजेश दर्शन और आरक्षक रवि लाल की अहम भूमिका रही है। गिरफ्तार आरोपी- रामसिंह माझी पिता रोहणी मांझी उम्र 40 साल, जितेंद्र माझी पिता भगतराम उम्र 28 साल, जगत राम माझी पिता कार्तिक राम उम्र 40 साल तीनों ग्राम गुरदा थाना खरसिया

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यकम के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित

**❑ शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी**



**रायगढ़।** सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में डॉ.टी जी कुलवेदी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम नोडल अधिकारी तथा सुश्री रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक के दिशा-निर्देश पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 7 से 9 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के आरोग्यम सभा कक्ष में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में जिले के चयनित शैक्षणिक संस्थान विद्यालय एवं समस्त महाविद्यालय के नोडल शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी। प्रशिक्षण में शिक्षकों को कोटपा एक्ट-2003 के सभी धाराओं से अवगत कराया गया।

भारत सरकार द्वारा समस्त शैक्षणिक संस्थानो को तम्बाकू मुक्त घोषित किये जाने हेतु जारी दिशा निर्देश अंतर्गत तय 11 मापदंडों की जानकारी व क्रियान्वयन करने हेतु प्रक्रिया विस्तार पूर्वक बताया गया जिसमें कोटपा अधिनियम की धारा 4 के तहत् धूम्रपान निषेध क्षेत्र हेतु सुस्पष्ट स्थान पर लंबाई 60 से.मी.एवं चौड़ाई 30 से.मी. का पृष्ठभूमि में काले अक्षरों में बोर्ड लगाना आवश्यक है, जिसमें लिखा जाना है धूम्रपान रहित क्षेत्र यहा धूम्रपान करना एक अपराध है। उल्लघंन करने पर 200 रूपये तक का जुर्माना किया जायेगा (काला घेरा और क्रास लाल रंग में) प्रदर्शित होना चाहिए तथा धारा 6,ब के तहत शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू पदार्थ बेचना अपराध है, जिसका उल्लंघन करने पर तथा 200 रूपये तक का जुर्माना हो सकता हैं। जिसके तहत समस्त शैक्षणिक संस्थानों को प्रवेश द्वार पर अधिनियम के तहत तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का सुस्पष्ट स्थान पर लंबाई 60 से.मी. एवं चौड़ाई 30 से.मी.का पृष्ठभूमि में काले अक्षरों में बोर्ड लगाना आवश्यक है साथ ही शैक्षणिक संस्थान पर किसी भी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित होगा शैक्षणिक संस्थान स्तर पर उक्त उल्लंघनों की निगरानी हेतु टोबेको मॉनिटर्स एवं निगरानी समिति का गठन किया जाना प्रस्तावित है साथ ही प्रत्येक शाला एवं महाविद्यालयों में नोडल शिक्षक के द्वारा उक्त उल्लंघन होने पर कार्यवाही किये जाने पर अधिकृत किया गया है।

निर्धारित 11 बिन्दुओं को पूर्ण करने के पश्चात स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के ओर से तम्बाकू मुक्त होने पर प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा। शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे पर विक्रय केन्द्र द्वारा तम्बाकू विक्रय करने के उल्लंघन पर शिक्षण संस्थान द्वारा की गई कार्यवाही व समझाईश के पश्चात तम्बाकू उत्पाद का विक्रय बंद न होने की दशा में जिला स्तर पर गठित प्रर्वतन दल द्वारा कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चालानी प्रक्रिया एवं तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान प्रमाणीकरण को सुगम बनाने हेतु टोबेको मॉनिटरिंग एप की जानकारी प्रदाय की गयी। उक्त प्रशिक्षण में सुश्री सीमा बरेठ प्रभारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ.विवेक उपाध्याय डेंटल सर्जन व संजय नामदेव (द यूनियन) की सहभागिता रही।

## बनोरा में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



**रायगढ़।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर, महापल्ली के निकटस्थ ग्राम बनोरा में पांच दिवसीय नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्तिक साव सरपंच ग्राम पंचायत बनोरा, गणमन्य नागरिक भैरव सिंह, भुवनेश्वर साहू, नवीन सिदार, उसत निषाद द्वारा आरोग्य के देवता भगवान धन्वंतरि के पूजा अर्चना तथा उनके उद्बोधन के साथ किया गया। योग प्रशिक्षिका कुमारी वर्षा प्रधान एवं आयुष हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महापल्ली के प्रभारी चिकित्सक डॉ सुभाष चंद्र झा द्वारा योगा अभ्यास कराया गया। साथ ही साथ प्राणायाम के विषय में विस्तार से बतलाया गया। प्रथम दिन बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर योग शिक्षा का लाभ उठाये। शिविर स्थल पर ग्रामीणों को योगाभ्यास से संबंधित ब्रोशर एवं पंपलेट नि:शुल्क वितरण किया गया।

## जिले को फाईलेरिया मुक्त के लिए कलेक्टर सिन्हा ने की जिलेवासियों से अपील

**❑ 10 फरवरी को चलाये जा रहे फाईलेरिया अभियान में जनसामान्य करें दवा सेवन**



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले को फाईलेरिया से मुक्त कराने के लिये 10 फरवरी से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि रायगढ़ जिले को फाईलेरिया से मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए जाने वाले दवाओं का मिश्रण जरूर खायें ताकि हम सब मिलकर फाईलेरिया को इस जिले से हटा सके।

सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्यूलेक्स नामक के मच्छर के काटने से फाईलेरिया बीमारी फैलती है और ये एक संक्रामक बीमारी है। जिसे सामान्य भाषा में हाथी पाँव नामक बीमारी कहते है। इस रोग से व्यक्ति किसी भी उम्र में संक्रमित हो सकता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया दवा खाने से यह फाइलेरिया के परजीवीयों को मार देती है और आपको हाथीपाव व हाइड्रोसिल जैसे बीमारियों से बचाव करती हैं। जिले में फाइलेरिया कार्यक्रम उन्मूलन के तहत 13.35 लाख व्यक्तियों को दवा सेवन कराया जायेगा। जिसमें 2269 सर्वे दल 4538 सदस्यों द्वारा 454 सुपरवायजर, 45 सेक्टर सुपरवायजर द्वारा दवा खिलायी जायेगी।

## समर्पण योजना के 'हमर सियान' कार्यक्रम में बुजुर्गों का कुशलक्षेम जानने व उनकी समस्याओं के निवारण करने वृद्धाश्रम पहुंचे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

**❑ वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, सुनी गई उनकी समस्याएं, बुजुर्गों में किया गया कपड़े और फलाहार वितरण**



**रायगढ़।** जिले के संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा गत दिनों लिये गये क्राईम मीटिंग में सीनियर सिटिजन सेल के जिला नोडल अधिकारी ए0एस0पी0 संजय महादेवा से वरिष्ठ नागरिकों के लिये जिला पुलिस द्वारा चलाये गये कार्यक्रमों की जानकारी लेकर शीघ्र एक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया था जिसके परिपालन में आज जिला पुलिस के सीनियर सिटीजन सेल द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं एनजीओं के साथ संयुक्त रूप से चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत आशा निकेतन वृद्धा आश्रम में समर्पण योजना के तहत "हमर सियान" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में वृद्धजनों का कुशलक्षेम जानने उनकी समस्याओं से रूबरू होने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार पहुंचे। अथितियों के स्वागत पश्चात एसएसपी सदानंद द्वारा उपस्थित वृद्धजनों से उनका हाल चाल जाना और उनकी समस्याएं पूछे। उपस्थित तीन बुर्जुगों ने एक-एक कर अपनी व्यक्तिगत समस्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को बताया गया जिनके शिकायतों पर उचित कार्यवाही करने के निर्देशन एसएसपी सदानंद ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बताये कि जिला पुलिस निरंतर ऐसे कार्यक्रम थाना स्तर पर आयोजित करेगी। पुलिस अधिकारीगण उनके क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जानेंगे, उनकी समस्याओं का त्वरित रूप से निदान करेंगे। कार्यक्रम में आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा अतिथियों द्वारा आश्रम के वृद्धजनों को कपड़े, फल का वितरण किये। कार्यक्रम के आयोजन के लिये सिनीयर सिटिजन सेल, समाज कल्याण विभाग और एन.जी.ओ. को बधाई देते हुए बोले कि इस प्रकार के आयोजन निरंतर होने चाहिए। कार्यक्रम को कवर कर रहे मीडिया साथियों से रूबरू होकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बताये कि थाना स्तर पर वरिष्ठ नागरिकों के शिकायतों, समस्याओं का डाटाबेस तैयार कराया जा रहा है, जिनका प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जावेगा। थाना, चौकी प्रभारियों को निर्देश है कि वे निरंतर उनके क्षेत्र के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों से मेल मिलाप बनाए रखें, उनके शिकायत, समस्याओं के त्वरित निदान के लिये आवश्यक पहल करें। कार्यक्रम से एसएसपी सदानंद कुमार ने युवाओं का संदेश दिया गया कि बुर्जुग हमारी धरोहर है, उन्हें सुरक्षित रखना, उनका ध्यान रखना हमारी जिम्मेदारी है और यही हमारे संस्कार भी है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480